लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन की डॉ कलाम को श्रद्धांजलि

लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने देश के पुर्व राष्ट्ऱ्पति डॉ. ए पी जे कलाम के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए अपूरणीय क्षति है। श्री कलाम, राष्ट्रपति पद पर रहते हुए और रिटायर होने के बाद भी उतने ही सक्रिय और लोकप्रिय रहें। एक सामान्य नागरिक से लगाकर विद्वानों, वैज्ञानिकों को वें अपने जैसे ही लगते थे। उनकी बातें एक छोटे से बच्चे से लगाकर वरिष्ठ नागरिकों को छू जाती थी। युवाओं को देश और समाज के लिए कुछ करने की प्रेरणा देती। देश को सामरिक ताकत की 'अग्नि' मिसाइल देने वाले कलाम साहब, अपनी अंतिम सांस तक सकारात्मक सोच और राष्ट्रभक्ति की अलख जगाते रहें। मुझे उनके नेतृत्व में फिलीपींस की राजकीय यात्रा का अवसर मिला था। तब वें देश के राष्ट्रपति थे। पूरी यात्रा के दौरान हमें उनका विचारक और मार्गदर्शक वाला व्यक्तिव ही नज़र आया। एक जिंदादिल इंसान थे। देश उनके योगदान के लिए सदा ऋणी रहेगा। 'मिसाइलमैन' देश के हर कॉमनमैन को अपना लगता था। आज हमनें अपने सबसे प्रिय व्यक्तित्वों में से एक को खो दिया। देश के महान सपूत डॉ. कलाम को मेरी भावपूर्ण श्रद्धांजलि।